विशेष निवेश वाली कोई वित्तीय परिसंपत्ति, यदि वह एक ऐसे बिज़नेस मॉडल में रखी गई हो, जिसका उद्देश्य संविदात्मक नगदी प्रवाह को वसूलने एवं वित्तीय परिसंपत्तियों को बेचने जैसे दोनों कार्यों द्वारा प्राप्त किया जाता है तथा वित्तीय परिसंपत्ति की संविदा शर्त में एक मात्र रूप से मूल राशि और बकाया मूल राशि पर ब्याज के भुगतान के नगदी प्रवाह की विशेष तिथियों का वर्णन हो, बाद में अन्य व्यापक आय के माध्यम से बाद में उचित मूल्य पर मापी जाती है। कंपनी ने अपने निवेशों के लिए अप्रतिसंहरणीय चुनाव किया है जिन्हें इसके बिज़नेस मॉडल के आधार पर अन्य व्यापक आय में उचित मूल्य में परवर्ती बदलाव प्रस्तुत करने के लिए इक्विटी इन्स्ट्रूमेंट्स के रूप में वर्गीकृत किया जाता है।

ग. लाभ एवं हानि विवरणी के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय परिसंपत्तियां:

डेरिवेटिव्स वाली कोई वित्तीय परिसंपत्ति जो उपर्युक्त में से किसी भी श्रेणी में वर्गीकृत नहीं की गई है वह बाद में लाभ एवं हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर मापी जाती है।

(iv) मान्यता समापन

किसी वित्तीय परिसंपत्ति की मान्यता मुख्यतः तब समाप्त की जाती है जब इस परिसंपत्ति से नगदी प्रवाह प्राप्ति के अधिकार समाप्त हो जाते हैं अथवा कंपनी ने परिसंपत्ति से नगदी प्रवाह प्राप्त करने के अपने अधिकार हस्तांतरित कर दिए हों। जिसमें कंपनी न तो स्वामित्व के सभी जोखिमों और रिवार्ड को न तो हस्तांतरित करती है और न ही उसे बनाए रखती है। यह वित्तीय परिसंपत्ति के नियंत्रण को बनाए नहीं रखती है।

कोई लाभ या हानि, लाभ और हानि विवरणी में मान्यता प्राप्त है।

(v) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियों की क्षति

कंपनी वित्तीय परिसंपत्तियों, जिसमें व्यापार प्राप्य अथवा कॉन्ट्रैक्ट राजस्व और समस्त लीज़ प्राप्य इत्यादि सम्मिलित हैं, पर क्षति हानि के मापन एवं पहचान हेतु प्रत्याशित क्रेडिट हानि (ईसीएल) मॉडल के आधार पर क्षति का निर्धारण करती है।

अन्य सभी वित्तीय परिसंपत्तियों के लिए, अपेक्षित क्रेडिट हानि को 12 महीने की ईसीएल के बराबर राशि पर मापा जाता है, जब तक कि प्रारंभिक मान्यता से क्रेडिट जोखिम में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है, उस स्थिति में उन वित्तीय परिसंपत्तियों को जीवनकाल ईसीएल में मापा जाता है। ईसीएल मॉडल का उपयोग करके नुकसान भत्ते में परिवर्तन (वृद्धिशील या उलट), लाभ और हानि में, क्षति लाभ या हानि के रूप में पहचाने जाते हैं।

(vi) बट्टे खाते में डालना

किसी वित्तीय परिसंपत्ति की सकल वहन राशि तब बट्टे खाते में (आंशिक रूप से अथवा पूर्णतः) उस मात्रा में डाल दी जाती है जब उसकी वसूली की वास्तविक संभावना न हो। सामान्यत यह ऐसा मामला होता है जब कंपनी यह निर्धारित करती है कि प्रतिपक्ष के पास ऐसी परिसंपत्तियां अथवा आय के साधन नहीं हैं जो बट्टे खाते में डाले जाने के अधीन राशि को चुकाने के लिए पर्याप्त नकदी प्रवाह सृजित कर सकें। तथापि, जो वित्तीय परिसंपत्तियां बट्टे खाते में डाल दी गई हैं वे अब भी देय राशि की वसूली के लिए कंपनी की प्रक्रियाओं के अनुपालन हेतु बाध्यकरण गतिविधियों के अधीन हैं।

ख. वित्तीय देयताएं

(i) आरंभिक मान्यता एवं मापन

समस्त वित्तीय देयताओं की मान्यता आरंभ में, ऋणों, उधारियों और देयों के संबंध में, उचित मूल्य पर और प्रत्यक्ष रूप से देय निवल ट्रांजैक्शन लागतों पर की जाती है। कंपनी की वित्तीय देयताओं में ट्रेड और अन्य देय तथा बैंक ओवरड्राफ्ट सहित ऋण एवं उधारियों और डेरिवेटिव वित्तीय इन्स्ट्रूमेंट्स सम्मिलित हैं।

(ii) वर्गीकरण

कंपनी, समस्त वित्तीय देयताओं को, लाभ एवं हानि विवरणी के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताओं को छोड़कर, परवर्ती रूप से परिशोधित लागत पर किए गए मापन के अनुसार वर्गीकृत करती है। डेरिवेटिव्स सहित ऐसी देयताएं, परवर्ती रूप से उचित मूल्य पर मापी जाएंगी और किसी भी ब्याज व्यय सहित शुद्ध लाभ और हानि, लाभ और हानि विवरणी में मान्यता प्राप्त हैं। वित्तीय देयता को एफवीटीपीएल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है यदि इसे ट्रेडिंग हेतु रोकी गई के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, या यह एक डेरीवेटिव है या इसे प्रारंभिक मान्यता पर इस तरह नामित किया गया है।

(iii) परवर्ती मापन

वित्तीय देयताओं का मापन, नीचे किए गए वर्णन के अनुसार, उनके वर्गीकरण पर निर्भर करता है।

क) परिशोधित लागत पर वित्तीय देयताएं

आरंभिक मान्यता के पश्चात, ब्याज वाले ऋण एवं उधारियां, प्रभावी ब्याज दर (ईआईआर) विधि का उपयोग करते हुए, परिशोधित लागत पर मापी जाती हैं। लाभ एवं हानियों को लाभ एवं हानि विवरणी में मान्य किया जाता है जब देयताओं को ईआईआर परिशोधित प्रक्रिया के माध्यम से डि–रिकोनाइज्ड किया जाता है।

परिशोधन लागत की गणना, अर्जन पर किसी छूट या प्रीमियम और फीस अथवा लागत जो कि ईआईआर का अभिन्न भाग होते हैं, को ध्यान में रखकर की जाती है। ईआईआर परिशोधन को, लाभ एवं हानि विवरणी में, वित्तीय लागतों के रूप में सम्मिलित किया जाता है।

ख) लाभ एवं हानि विवरणी के माध्यम से उचित मूल्य पर वित्तीय देयताएं

लाभ एवं हानि विवरणी के माध्यम से, उचित मूल्य पर, वित्तीय देयताओं में ट्रेडिंग संबंधी व वित्तीय देयताएं और लाभ एवं हानि विवरणी के माध्यम से उचित मूल्य के अनुसार आरंभिक पहचान पर विनिर्दिष्ट वित्तीय देयताएं सम्मिलित हैं। वित्तीय देयताओं को तब ''ट्रेडिंग हेतु'' के रूप में वर्गीकृत किया जाता है जब यदि उनका नजदीकी कालावधि में पुनः क्रय करने के उद्देश्य के लिए वहन किया गया हो। इस श्रेणी में, कंपनी द्वारा अपनाए गए डेरिवेटिव फाइनेंशियल इन्स्ट्रूमेंट सम्मिलित हैं, जो इंड एएस 109 द्वारा परिभाषित हेज़ रिलेशनशिप्स में हेजिंग इन्स्ट्रूमेंट्स के रूप में विनिर्दिष्ट नहीं हैं। अलग किए गए एम्बेडेड डेरिवेटिव्स भी तब तक ''ट्रेडिंग हेतु'' के रूप में वर्गीकृत किए जाते हैं जब तक कि उन्हें प्रभावी हेज़िग इन्स्ट्रूमेंट के रूप में विनिर्दिष्ट नहीं कर दिया जाता।

हेल्ड फॉर ट्रेडिंग संबंधी देयताओं पर लाभ एवं हानियों की पहचान लाभ एवं हानि विवरणी में की जाती है।

(iv) मान्यता समापन

कोई भी वित्तीय देयताएं तब डी–रिकॉग्नाइज्ड हो जाती है, जब उस देयता के तहत बाध्यता का निर्वहन कर दिया गया हो अथवा उसे रद्द कर दिया गया हो अथवा उसकी अवधि समाप्त हो गई हो। कंपनी शर्तों को संशोधित करने पर और संशोधित शर्तों के तहत नकदी प्रवाह काफी हद तक अलग होने पर वित्तीय देयता को डी रिकोगनाइज़ कर देती है। इस मामले में, संशोधित मूल्य के

आधार पर एक नया वित्तीय दायित्व उचित मूल्य पर मान्यता प्राप्त है। समाप्त हुई वित्तीय देयताएं की कैरिंग राशि और संशोधित शर्तों के साथ नई वित्तीय देयता के बीच का अंतर लाभ और हानि के विवरणी में मान्यता प्राप्त है।

(v) वित्तीय इन्स्ट्रूमेंट्स की ऑफसेटिंग

वित्तीय परिसंपत्तियां और वित्तीय देयताएं ऑफसेट की जाती हैं और यदि पहचान की गई राशि को ऑफसेट करने का कोई चालू प्रवर्तनीय कानून अधिकार है, तो परिसंपत्ति के नकदीकरण और देयताओं को साथ–साथ बेचने की निवल आधार पर की गई मंशा हो तो, निवल राशि का उल्लेख तुलन पत्र में किया जाता है।

XX. मैटीरियलिटी थ्रेश होल्ड सीमाएं

कंपनी ने व्ययों/आयों के वर्गीकरण और प्रकटन में निम्नानुसार मैटीरियलिटी थ्रेश होल्ड सीमाओं को अपनाया है:

थ्रेश होल्ड मदें	यूनिट	थ्रेश होल्ड मूल्य
पूर्वावधि व्यय/राजस्व – व्यक्तिगत सीमाओं के आधार पर पहचान – समग्र सीमा के आधार पर रिस्टेटमेंट	 मिलियन मिलियन	 15 पिछले वर्ष का टर्नओवर 1%
पूर्वप्रदत्त व्यय	मिलियन	0.010
विदेशी स्टेशन	मिलियन	0.050
घरेलू स्टेशन	मिलियन	0.010
आकस्मिक देयता एवं पूंजीगत प्रतिबद्धताएं	मिलियन	0.10
वित्तीय इन्स्ट्रूमेंट्स का उचित मूल्यांकन	मिलियन	5.0

यह हमारी समतिथि की अलग रिपोर्ट में उल्लेखित के अनुसार है।

एलाइंस एअर एविएशन लिमिटेड के निदेशक मण्डल के लिए तथा उनकी ओर से

कृते एस. के. कपूर एंड कम्पनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
फर्म पंजीकरण सं. 000745C

हस्ता/–
वी.बी. सिंह
(पार्टनर)
आईसीएआई सदस्यता सं.: 073124
यूडीआईएनः 22073124AMWIMD4044

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 14 जुलाई, 2022

हस्ता/–
विक्रम देव दत्त
अध्यक्ष (नामित निदेशक)
डीआईएनः 02055541

हस्ता/–
उषा पाढी
नामित निदेशक
डीआईएनः 03348716

हस्ता/–
विनीत सूद
मुख्य कार्यपालक अधिकारी

हस्ता/–
अम्बर कुमार मंडल
मुख्य वित्तीय अधिकारी

हस्ता/–
शिल्पा भाटिया
कम्पनी सचिव
सदस्यता सं.: एसीएस 49386

नोट–2 (क)
संयत्र, परिसम्पत्ति व उपस्कर वित्तीय वर्ष 2021–22

राशि मिलियन रु. में

परिसम्पत्तियों का विवरण	अनुसूची II के अनुसार उपयोगी अवधि	31.03.2021 को सकल ब्लॉक	वर्ष 2021–22 के दौरान जोड़े गए	वर्ष 2021–22 के दौरान बेचे / डिस्कार्ड किए गए	31.3.2022 को सकल ब्लॉक	01.04.2021 को संचित मूल्यह्रास	वर्ष 2021–22 के लिए मूल्यह्रास	वर्ष के दौरान किए गए समायोजन	31.3.2022 को संचित मूल्यह्रास	31.3.2022 को निवल ब्लॉक	31.3.2021 को निवल ब्लॉक
		क	ख	ग	घ	ड.	च	छ	ज	झ	ट
संयत्र और उपस्कर	5 वर्ष	10.54	1.07	0.03	11.58	6.05	1.76	0.03	7.78	3.80	4.49
फर्नीचर एवं फिक्सचर	10 वर्ष	8.02	0.18	0.25	7.95	3.35	0.62	0.24	3.73	4.22	4.63
वाहन	8 वर्ष	2.81	-	0.24	2.57	1.74	0.04	0.24	1.54	1.03	1.06
डाटा प्रौसेसिंग उपस्कर	3 वर्ष	21.27	2.93	0.43	23.77	16.42	3.51	0.24	19.69	4.08	4.89
स्थल सहायता उपस्कर (एटीआर)	(पॉलिसी के अनुसार)	8.17	-	2.81	5.36	8.18	-	2.83	5.35	0.01	-
एयरफ्रेम रोटेबल	लीज अवधि पर आधारित	178.18	5.86	-	184.04	109.73	14.93	-	124.66	59.38	68.45
एयरो इंजन रोटेबल	लीज अवधि पर आधारित	148.25	-	-	148.25	5.83	7.12	-	12.95	135.30	142.42
31.03.2022 को कुल		**377.24**	**10.04**	**3.76**	**383.52**	**151.30**	**27.98**	**3.58**	**175.70**	**207.80**	**225.94**
31.03.2021 को कुल		**216.59**	**160.65**	**-**	**377.24**	**125.35**	**25.93**	**-**	**151.29**	**225.94**	**91.24**

नोट–2 (ख) : परिसम्पत्ति के उपयोग का अधिकार

राशि मिलियन रु. में

परिसम्पत्तियों का विवरण	अनुसूची II के अनुसार उपयोगी अवधि	01.04.2021 को सकल ब्लॉक	वर्ष 2021–22 के दौरान जोड़े गए	वर्ष 2021–22 के दौरान बेचे / डिस्कार्ड किए गए	31.3.2022 को सकल ब्लॉक	01.04.2021 को संचित मूल्यह्रास	वर्ष के लिए मूल्यह्रास	वर्ष के दौरान समायोजन	31.3.2022 को संचित मूल्यह्रास	31.3.2022 को निवल कैरिंग मूल्य	31.3.2021 को निवल कैरिंग मूल्य
आरओयू एसेट्स	लीज़ अवधि पर आधारित	26,704.20	-	-	22,055.70	4,648.50	2,381.84		7,030.35	19,673.86	22,055.70
31.03.2022 को कुल		**26,704.20**	**-**	**-**	**22,055.70**	**4,648.50**	**2,381.84**		**7,030.35**	**19,673.86**	**22,055.70**
31.03.2021 को कुल		**21,319.98**	**5,384.22**	**-**	**26,704.20**	**2,266.65**	**2,381.85**		**4,648.50**	**22,055.70**	**-**

नोट–2 (ग) : अमूर्त परिसम्पत्तियां

राशि मिलियन रु. में

परिसम्पत्तियों का विवरण	अनुसूची II के अनुसार उपयोगी अवधि	31.03.2021 को सकल ब्लॉक	वर्ष 2021–22 के लिए	वर्ष 2021–22 के दौरान बेचे / डिस्कार्ड किए गए	31.3.2022 को सकल ब्लॉक	01.04.2021 को संचित मूल्यह्रास	वर्ष 2021–22 के लिए मूल्यह्रास	वर्ष के दौरान किए गए समायोजन	31.3.2022 को संचित मूल्यह्रास	31.3.2022 को निवल ब्लॉक	31.3.2021 को निवल ब्लॉक
		क	ख	ग	घ	ड.	च	छ	ज	झ	ट
अमूर्त परिसम्पत्तियां – ट्रेडमार्क	असंख्य	-	2.54	-	2.54	-	-	-	-	2.54	-
अमूर्त परिसम्पत्तियां – कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर	करार के अनुसार	-	23.55	-	23.55	-	0.29	-	0.29	23.26	-
31.03.2022 को कुल		**-**	**26.09**	**-**	**26.09**	**-**	**0.29**	**-**	**0.29**	**25.80**	**-**
31.03.2021 को कुल		**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**	**-**

नोट सं. 03

अन्य वित्तीय परिसम्पत्तियां	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
अरक्षित खरे माने गए		
सुरक्षा जमा (12 महीने से अधिक परिपक्वता)	847.65	159.56
अरक्षित संदेहास्पद		
आपूर्तिकर्ताओं को अग्रिम	29.30	29.46
घटाकरः संदेहास्पद ऋण को क्षति भत्ता	(29.30)	(29.46)
कुल	**847.65**	**159.56**

नोट सं. 04

आयकर परिसम्पत्तियां (निवल)	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
टीडीएस सहित आयकर का अग्रिम भुगतान	387.72	514.47
घटाः कराधान हेतु प्रावधान	-	(16.44)
कुल	**387.72**	**498.03**

नोट सं. 05

अन्य गैर चालू परिसम्पत्तियां	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
पूंजी अग्रिम से इतर अग्रिम		
सुरक्षा जमा (अनुरक्षण आरक्षित पॉट)	3,401.42	2,760.55
वसूली योग्य जीएसटी इनपुट कर	1,033.52	823.31
कुल	**4,434.94**	**3,583.86**

नोट सं. 06

इनवेंटरी	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
भंडार एवं हिस्से पूर्जे*	491.37	424.31
खुले औजार*	8.01	3.82
मार्गस्थ माल	-	12.14
घटाकरः अप्रचलन व कमी के लिए प्रावधान	(214.70)	(148.72)
कुल	**284.68**	**291.55**

* मूल्यांकन हेतु महत्वपूर्ण लेखा नीतियों खंड 3(VI) (ख) का संदर्भ लें

नोट सं. 07

व्यापार प्राप्य	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
रक्षित, व्यापार प्राप्य	-	-
अरक्षित व्यापार प्राप्य		
व्यापार प्राप्य खरे माने गए	805.13	636.60
व्यापार प्राप्य जिसमें क्रेडिट जोखिम में महत्वपूर्ण वृद्धि	-	-
व्यापार प्राप्य– क्रेडिट क्षति	25.27	26.46
घटाकरः संदेहास्पद प्राप्य के लिए क्षति भत्ता	(25.27)	(26.46)
कुल	**805.13**	**636.60**

व्यापार प्राप्य अनुसूची					चालू वर्ष	
विवरण	भुगतान की देय तिथि से निम्नलिखित अवधि के लिए बकाया					कुल
	6 महीने से कम	6 महीने से – 1 वर्ष	1–2 वर्ष	2–3 वर्ष	3 वर्ष से अधिक	
(i) अविवादित व्यापार प्राप्य – खरे माने गए	464.62	4.15	39.31	3.01	294.04	**805.13**
(ii) अविवादित व्यापार प्राप्य – जिनके क्रेडिट जोखिम में महत्वपूर्ण वृद्धि						
(iii) अविवादित व्यापार प्राप्य – क्रेडिट क्षति	-	0.02	-	-	25.25	**25.27**
(iv) विवादित व्यापार प्राप्य – खरे माने गए						
(v) विवादित व्यापार प्राप्य – जिनके क्रेडिट जोखिम में महत्वपूर्ण वृद्धि						
(vi) विवादित व्यापार प्राप्य – क्रेडिट क्षति						

व्यापार प्राप्य एजिंग अनुसूची					पिछले वर्ष	
विवरण	भुगतान की देय तिथि से निम्नलिखित अवधि के लिए बकाया					कुल
	6 महीने से कम	6 महीने से – 1 वर्ष	1–2 वर्ष	2–3 वर्ष	3 वर्ष से अधिक	
(i) अविवादित व्यापार प्राप्य – खरे माने गए	75.92	199.61	19.61	-	341.46	**636.60**
(ii) अविवादित व्यापार प्राप्य – जिनके क्रेडिट जोखिम में महत्वपूर्ण वृद्धि						
(iii) अविवादित व्यापार प्राप्य – क्रेडिट क्षति	-	0.02	-	-	26.44	**26.46**
(iv) विवादित व्यापार खरे माने गए						
(v) विवादित व्यापार प्राप्य – जिनके क्रेडिट जोखिम में महत्वपूर्ण वृद्धि						
(vi) विवादित व्यापार प्राप्य – क्रेडिट क्षति						

नोटः सं.8

नकद और नकद समतुल्य	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
बैंकों में शेष		
चालू खातों में	145.04	36.86
हाथ में रोकड़	-	0.01
कुल	**145.04**	**36.87**

नोट सं. 09

नकद समतुल्य के अलावा बैंकों में शेष	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
बैंकों में शेष		
चालू खातों में शेष*	12.00	12.00
मार्जिन मनी डिपॉज़िट में (3< मैच्योरिटी <12)**	855.90	902.03
कुल	**867.90**	**914.03**

* आईओबी में 12 मिलियन रुपए की बैंक की शेष राशि को आयकर अधिनियम 1961 की धारा 226 (3) के तहत ग्रहणाधिकार/होल्ड के रुप में चिह्नित किया है।

** विभिन्न गैर–निधि आधारित क्रेडिट लियन का लाभ उठाने के लिए सुरक्षा के रुप में बैंकों के पास जमा है और इसमें 10% मार्जिन मनी और उस पर अर्जित ब्याज शामिल है।

नोट सं. 10

अन्य वित्तीय परिसम्पत्तियां	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
अरक्षित व खरे माने गए		
आपूर्तिकर्ताओं को अग्रिम	108.80	116.61
कर्मचारियों को अग्रिम	0.10	0.16
अरक्षित व संदेहास्पद माने गए		
कर्मचारियों को अग्रिम	5.45	5.45
घटाकरः संदेहास्पद स्टॉफ अग्रिम हेतु भत्ता	(5.45)	(5.45)
कुल	**108.90**	**116.77**

नोट सं. 11

अन्य चालू परिसम्पत्तियां	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
पूंजी अग्रिम के अलावा अन्य अग्रिम		
क) सुरक्षा जमा		
प्राधिकरणों में जमा	0.11	0.11
उच्च न्यायालय में जमा	222.38	222.27
घटाः संदेहास्पद जमा के लिए प्रावधान	(222.38)	(222.27)
ख) संबंधित पार्टियों को अग्रिम		
संबंधित पार्टियों से प्राप्य	3.33	144.07
ग) अन्य अग्रिम		
पूर्व प्रदत्त व्यय	130.51	117.63
अन्य से प्राप्य	126.98	5.39
कुल	**260.93**	**267.20**

नोट सं. 12

इक्विटी शेयर पूंजी	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
प्राधिकृत शेयर पूंजी		
100 रु. प्रत्येक के 200,000,000 इक्विटी शेयर	20,000	20,000
(पिछले वर्ष 100 रु. प्रत्येक के 200,000,000 इक्विटी शेयर)		
	20,000	**20,000**
जारी, अभिदत्त और पूर्ण प्रदत्त शेयर पूंजी		
100 रु. प्रत्येक के 402,25,000 पूर्णतः प्रदत्त इक्विटी शेयर	4,022.50	4,022.50
(पिछले वर्ष 100 रु. प्रत्येक के 402,25,000 इक्विटी शेयर)	-	-
	4,022.50	**4,022.50**

12 क)

शेयरों की संख्या का समाधान	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
वर्ष के प्रारंभ में इक्विटी शेयरों की संख्या	**4,02,25,000**	4,02,25,000
जोड़करः जारी इक्विटी शेयरों की संख्या	-	-
घटाकरः रीडिम किए गए इक्विटी शेयर	-	-
वर्ष के अंत में इक्विटी शेयरों की संख्या	**4,02,25,000**	**4,02,25,000**

12(ख) इक्विटी शेयरः इक्विटी शेयर के लिए संलग्न विनियम एवं शर्तें/अधिकार

कम्पनी के पास एक ही श्रेणी के इक्विटी शेयर हैं जिसका अंकित मूल्य 100 रु. प्रति शेयर है। प्रत्येक शेयरधारक को प्रति शेयर एक वोट देने का अधिकार है। लाभांश के भुगतान की कोई बाध्यता नहीं है। कम्पनी के समापन पर इक्विटी शेयरधारक सभी प्रकार की प्राथमिक राशियों के भुगतान के पश्चात् अपने स्वामित्व के शेयरों के अनुपात में कम्पनी की बाकी बची परिसम्पत्तियों को प्राप्त करने के हकदार होंगे।

12(ग) होल्डिंग कम्पनी के नियंत्रण में इक्विटी शेयर

4,02,25,000 इक्विटी शेयर (पिछले वर्ष 4,02,25,000 इक्विटी शेयर) होल्डिंग कम्पनी, एआई एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड और इसके नामितों के नियंत्रण में हैं।

12(घ) 5% से अधिक इक्विटी शेयर रखने वाले शेयरधारकों का ब्यौराः

शेयर धारक का नाम	31 मार्च, 2022 को शेयरों की संख्या	31 मार्च, 2021 को शेयरों की संख्या
एआई एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड (होल्डिंग कम्पनी)		
इक्विटी शेयर	4,02,25,000	4,02,25,000
शेयरों की कुल सं.	**4,02,25,000**	**4,02,25,000**
स्वामित्व का प्रतिशत	100%	100%

12(ङ) प्रमोटरों द्वारा रखे गए शेयर

प्रमोटरों के पास शून्य शेयर हैं।

नोट सं. 13

अन्य इक्विटी	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
1. लाभ–हानि खाते में अधिशेष/(घाटा)		
प्रारंभिक शेष	(30,539.26)	(26,938.32)
जोड़करः लाभ/(हानि) वर्ष के लिए	(4,477.63)	(3,600.94)
अंतशेष	**(35,016.89)**	**(30,539.26)**
2. अन्य व्यापक आय		
प्रारंभिक शेष	5.16	3.54
जोड़करः वर्ष के लिए	3.71	1.62
अंतशेष	**8.87**	**5.16**
कुल	**(35,008.02)**	**(30,534.10)**

नोट सं. 14

लीज़ देयताएं	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
लीज़ देयताएं	22,465.24	24,207.39
घटाकरः लीज़ देयताओं का चालू भाग (चालू देयताएं नोट सं. 17 में उल्लिखित)	(2,608.93)	(2,252.97)
गैर चालू लीज़ देयताएं	19,856.31	21,954.42
कुल	**19,856.31**	**21,954.42**

नोट सं. 15

प्रावधान	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
कर्मचारियों के लाभ के लिए प्रावधान		
उपदान हेतु प्रावधान	74.67	66.98
घटाकरः उपदान का चालू भाग (नोट 20 में उल्लिखित)	(2.77)	(2.38)
छुट्टी नकदीकरण हेतु प्रावधान	35.35	34.07
घटाकरः छुट्टी नकदीकरण का चालू भाग (नोट 20 में उल्लिखित)	(1.57)	(1.44)
अन्य प्रावधान		
विमानों की रि–डिलीवरी हेतु प्रावधान	571.65	542.34
कुल	**677.33**	**639.57**

नोट सं. 16

चालू उधार	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
संबंधित पार्टियों से ऋण (अरक्षित)		
एयर इंडिया लि.	-	20,656.16
(एयर इंडिया लि. के साथ एमएसए के अनुसार 20/01/2022 तक एआईएल के औसत बकायों के आधार पर @ 9% की दर से ब्याज देय था)		
एआई एसेट्स होल्डिंग लि. के कारण होल्डिंग कम्पनी 21/01/2022 एयर इंडिया लि. के विनिवेश के बाद 23345.28 मिलियन रु. की यह राशि एआईएएचएल को स्थानान्तरित की गई। बकाया राशि पर डीईए से ब्याज लेने का निर्णय लंबित होने के कारण होल्डिंग कम्पनी ने औसत बकाया राशि पर गणना करते हुए प्रतिवर्ष @ 9% की दर से ब्याज लेने का निर्णय लिया है।	23,345.28	-
एआई एसेट्स होल्डिंग लि. के कारण यह राशि एआईएएचएल से प्राप्त हुई है जिस पर एआईएएचएल के बोर्ड के अनुमोदन के अनुसार प्रतिवर्ष 1% की दर से ब्याज प्रदान किया जा रहा है। पुनर्भुगतान से लंबित विनियम एवं शर्तें, इस अग्रिम को अल्पावधि कार्य के रुप में दर्ज किया गया है।	562.50	-
कुल	**23,907.78**	**20,656.16**

नोट सं. 17

लीज़ देयताएं	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
लीज़ देयताएं का चालू भाग (नोट संदर्भ सं. 15)	2,608.93	2,252.96
कुल	**2,608.93**	**2,252.96**

नोट सं. 18

व्यापार देय	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
क) माइक्रो उद्यमों और लघु उद्यमों का कुल बकाया देय	2.41	4.89
ख) माइक्रो उद्यमों और लघु उद्यमों के अलावा क्रेडिटर के कुल बकाया देय	-	-
– व्यय हेतु प्रावधान	1,276.03	1,060.37
– वेंडर भारत में	6,469.02	4,434.65
– वेंडर–भारत से बाहर	794.32	1,203.64
– संबंधित पार्टी–देय	2,236.42	2,041.75
– आपूर्तिकर्ता–रैमको*	324.77	396.34
कुल	**11,102.97**	**9,141.64**

* जीआरएन और पीओ से संबंधित आपूर्तिकर्ता–रैमको लेज़र का मिलान और समाधान प्रक्रियाधीन है।

विवरण	चालू वर्ष				मिलियन रु. में
	भुगतान की देय तिथि से निम्नलिखित अवधि के लिए बकाया				
	1 वर्ष से कम	1–2 वर्ष	2–3 वर्ष	3 वर्ष से अधिक	कुल
i) एमएसएमई	2.41				2.41
ii) अन्य	5786.52	797.42	2400.87	2115.75	11100.56
iii) विवादित देय – एमएसएमई					
iv) विवादित देय – अन्य					
कुल	**5788.93**	**797.42**	**2400.87**	**2115.75**	**11102.97**

विवरण	चालू वर्ष				मिलियन रु. में
	भुगतान की देय तिथि से निम्नलिखित अवधि के लिए बकाया				
	1 वर्ष से कम	1–2 वर्ष	2–3 वर्ष	3 वर्ष से अधिक	कुल
i) एमएसएमई	4.89				4.89
ii) अन्य	3795.22	2634.06	1558.46	1149.01	9136.75
iii) विवादित देय – एमएसएमई					
iv) विवादित देय – अन्य					
कुल	**3800.11**	**2634.06**	**1558.46**	**1149.01**	**9141.64**

नोट सं. 19

अन्य चालू वित्तीय देयताएं	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
अर्नेस्ट धन जमा	2.02	2.72
सुरक्षा जमा	310.05	305.83
अन्य	233.76	153.02
कुल	**545.83**	**461.57**

नोट सं. 20

चालू प्रावधान	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
उपदान देयता हेतु प्रावधान	2.77	2.38
उपदान का चालू भाग (नोट सं. 15 में उल्लिखित)		
छुट्टी नकदीकरण हेतु प्रावधान	1.57	1.44
छुट्टी नकदीकरण का चालू भाग (नोट सं. 15 में उल्लिखित)		
कुल	**4.34**	**3.82**

नोट सं. 21

अन्य चालू देयताएं	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
ग्राहक से अग्रिम	2.43	-
देय सांविधिक भुगतान		
– जीएसटी पर टीडीएस देय	1.64	3.50
– आयकर के अनुसार टीडीएस देय	258.85	107.43
– जीएसटी देय	33.79	39.25
– देय भविष्य निधि	4.30	6.09
– देय सेवाकर*	31.13	31.13
– अन्य	0.24	0.17
कुल	**332.38**	**187.57**

* यह राशि मैसर्स गति से संबंधित है। मामला विचाराधीन है।

नोट सं. 22

प्रचालन से राजस्व	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
1. प्रचालन राजस्व		
सेवा की बिक्री से		
i) अनुसूचित यातायात सेवाएं		
क) यात्री	4,193.48	2,443.63
ख) अतिरिक्त सामान	67.80	38.08
ग) डाक	3.72	2.13
घ) कार्गो	18.90	51.95
	4,283.90	2,535.79
ii) गैर अनुसूचित–यातायात सेवाएं		
क) चार्टर	20.72	17.18
ख) सरकार से प्रचालन हेतु सहायता	2,842.10	1,971.11
	2,862.82	1,988.29
iii) अन्य प्रचालनात्मक राजस्व		
हैंडलिंग सर्विसिंग तथा प्रासंगिक राजस्व	28.57	11.31
	28.57	11.31
कुल	**7,175.29**	**4,535.39**

नोट सं. 23

अन्य आय	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
1. सावधि जमा पर ब्याज	42.04	55.30
2. आयकर प्रतिदेय पर ब्याज	23.61	-
3. अन्य – प्रावधान जिसकी आवश्यकता नहीं रिर्टन बैक	0.16	1.58
कुल	**65.81**	**56.88**

नोट सं. 24

अन्य प्रचालन व्यय	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
i) विमान लीज़, हैंडलिंग एवं अनुरक्षण प्रभार		
विमान इंजन की लीज़	3.45	22.29
हैंडलिंग	349.08	256.28
अनुरक्षण	1,790.95	1,179.48
	2,143.48	1,458.05
ii) मार्ग निर्देशन, अवतरण, हाउसिंग एवं पार्किंग		
अवतरण शुल्क–अनुसूचित एवं अन्य प्रचालन	16.76	13.48
हाउसिंग और पार्किंग शुल्क	13.17	16.46
उड़ान वाणिज्य व मार्ग निर्देशन प्रभार	170.50	94.74
	200.43	124.68
iii) अन्य संचार प्रभार		
आरक्षण प्रणाली पर व्यय	268.53	129.87
पोस्टेज़ टेलीग्राम और कुरियर प्रभार	0.09	0.08
टेलीफोन एवं ट्रंक कॉल प्रभार	1.20	1.46
	269.82	131.42
iv) यात्री सुविधाएं		
उड़ानगत एवं होटल उपभोज्य सामग्रियों की खपत		
पैक्स सुविधाएं– स्थल पर केटरिंग	2.40	1.78
पैक्स सुविधाएं– विमान पर केटरिंग	53.63	30.00
पैक्स सुविधाएं– होटल व्यय	1.17	3.71
पैक्स कॉल सेंटर प्रभार	19.16	15.25
पैक्स सुविधाएं– समाचार पत्र और पत्रिकाएं	0.02	0.05
	76.38	50.79
v) बीमा		
बीमा –विमान	101.87	122.41
बीमा सामान्य	0.01	0.01
	101.88	122.42
vi) इनवेंटरी खपत		
उपभुक्त सामग्री – विमान	165.46	155.68
अप्रचलन हेतु प्रावधान (निवल)	34.83	(19.48)
	200.29	136.20
vii) बुकिंग एजेंसी का कमीशन (निवल)		
टिकट विक्रय पर कमीशन	44.73	40.65
	44.73	40.65
कुल	**3,037.01**	**2,064.21**

नोट सं. 25

कर्मचारी लाभ व्यय	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
1. वेतन– मजदूरी और बोनस		
वेतन –भारत में कर्मचारी	898.86	693.74
बोनस व्यय	7.22	6.98
	906.08	700.72
2. क्रू भत्ते		
विदेशी करार पायलट शुल्क एवं दावे	231.47	318.76
	231.47	318.76
3. भविष्य निधि व अन्य निधि में अंशदान		
सीसी भविष्य निधि– भारत में कर्मचारी	17.18	14.88
	17.18	14.88
4. स्टॉफ कल्याण व्यय		
अन्य स्टॉफ कल्याण व्यय	16.92	21.79
स्टॉफ प्रशिक्षण व्यय	74.98	71.41
	91.90	93.20
5. उपदान	14.43	12.53
6. छुट्टी नकदीकरण	1.35	8.89
कुल	**1,262.41**	**1,148.98**

नोट सं. 26

वित्तीय लागत	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
(i) ऋण पर ब्याज		
– होल्डिंग कम्पनी द्वारा प्रभारित ब्याज*	1,837.20	1,614.00
(ii) लीज़ देयताओं पर ब्याज व्यय	207.85	222.24
(iii) लीज़ देयताओं पर विदेशी मुद्राओं का प्रभाव	612.63	(856.70)
(iv) बैंक प्रभार	21.52	9.60
(v) ईंधन कम्पनियों को विलम्बित भुगतान प्रभार	255.23	213.53
(vi) संबंधित पार्टियों और अन्य द्वारा प्रभारित ब्याज	237.76	204.28
कुल	**3,172.19**	**1,406.95**

* एआई और एआईएएचएल द्वारा बकाया राशि पर औसत 09% की दर से ब्याज लगाया गया है। एआईएएचएल द्वारा 562.50 मिलियन रुपए जमा किए गए जिस पर 01% की दर से ब्याज लगाया गया है।

नोट सं. 27

अन्य व्यय	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
यात्रा व्यय	25.04	32.20
किराया	29.12	26.56
मरम्मत प्रभार	1.37	2.11
परिवहन का किराया	33.83	36.77
विद्युत/तापन एवं ईंधन प्रभार	6.48	5.79
मुद्रण एवं लेखन सामग्री	5.01	1.93
प्रचार और विक्रय संवर्धन	0.15	1.15
कोविड व्यय	8.22	21.02

अन्य व्यय	31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
विधिक प्रभार	2.38	0.16
लेखा परीक्षकों को भुगतान	1.21	1.63
व्यावसायिक/परामर्श शुल्क व व्यय	31.63	20.82
इनपुट रिवर्सल	11.83	36.36
मुद्रा विनिमय अंतर (निवल)	(125.53)	105.61
डीजीसीए को शुल्क	1.13	2.19
कार्यालय सफाई हेतु व्यय	-	0.07
मनोरंजन व्यय–सामान्य	0.12	0.10
पुस्तकें व पत्रिकाएं–जेपसन/तकनीकी	22.45	46.55
परिसम्पत्ति बिक्री या स्क्रैप्ड पर अंतशेष हानि	0.01	-
अन्य विविध खर्चे	4.62	2.47
टीडीएस का देरी से भुगतान करने पर ब्याज	35.65	31.36
सेवा कर/जीएसटी का देरी से भुगतान करने पर ब्याज	0.57	2.47
इनवेंटरी की कमी हेतु प्रावधान	31.13	-
कुल	**126.42**	**377.32**

नोट सं. 28

प्रतिशेयर आय का प्रकटीकरण इंड–एएस 33		31 मार्च, 2022 को (मिलियन रु. में)	31 मार्च, 2021 को (मिलियन रु. में)
क)	वर्ष के आरंभ में भारित औसत शेयरों की संख्या		
	आरंभिक	4,02,25,000	4,02,25,000
	जारी		-
	वर्ष के आरंभ में भारित औसत शेयरों की संख्या (भाजक के रुप में उपयोग करना)	4,02,25,000	4,02,25,000
ख)	इक्विटी शेयर धारकों हेतु कर पश्चात निवल लाभ (अंश के रुप में उपयोग करना) (मिलियन रु. में)	(4,477.63)	(3,600.94)
ग)	प्रति शेयर–बेसिक व डायल्यूटिड आय (रु. में)	(111.31)	(89.52)
घ)	शेयर का अंकित मूल्य (रु. में)	100.00	100.00

29 विनिवेश प्रक्रिया

एयर इंडिया लिमिटेड की विनिवेश प्रक्रिया के हिस्से के रूप में और एयर इंडिया विशिष्ट वैकल्पिक तंत्र (एआईएसएएम) के निर्णय के अनुसार, एसपीवी, एआई एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड (एआईएएचएल), जो पूरी तरह से भारत सरकार के स्वामित्व में है, को 22 जनवरी 2018 में शामिल किया गया था।

नागर विमानन मंत्रालय (एमओसीए) ने अपने पत्र संख्या 17046/56/2019–एआई दिनांक 31.12.2021 के माध्यम से एयर इंडिया की चार सहायक कंपनियों (एआई इंजीनियरिंग सर्विसेस लिमिटेड, एआई एयरपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड, एलाइंस एअर एविएशन लिमिटेड और होटल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड) को एआई एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड में हस्तांतरित करने के निर्णय से अवगत कराया था। एयर इंडिया के विनिवेश के कारण और यह देखते हुए कि सहायक कंपनियों को एआई एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड (एआईएएचएल) में स्थानांतरित किया जा रहा है, एआई एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड (एआईएएचएल) सहायक कंपनियों की होल्डिंग कंपनी बन जाएगी। इसके अलावा, उपरोक्त आदेश के अनुसार, एयर इंडिया की सभी सहायक कंपनियों (एआई इंजीनियरिंग सर्विसेस लिमिटेड, एआई एयरपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड, एलाइंस एअर एविएशन लिमिटेड और होटल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड) के बोर्ड का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया गया।

एआईएसएएम के निर्णय के अनुसार एयर इंडिया लिमिटेड की चार सहायक कंपनियों यानी एआई इंजीनियरिंग सर्विसेस लिमिटेड (एआईईएसएल), एआई एयरपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड (एआईएएसएल), एलाइंस एअर एविएशन लिमिटेड (एएएएल) और होटल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एचसीआई) से एआई एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड (एआईएएचएल) को, उपरोक्त सहायक कंपनियों के शेयरों को एआई से एआईएएचएल को बुक वैल्यू पर स्थानांतरित किया जा रहा था। तदनुसार, एएएएल के शेयरों के हस्तांतरण के लिए एआई और एआईएएचएल के बीच शेयर खरीद अनुबंध (एसपीए) 10 जनवरी 2022 को निष्पादित किया गया।

भारत सरकार के निर्णय को ध्यान में रखते हुए, कंपनी की 100 प्रतिशत शेयर धारिता एयर इंडिया लिमिटेड से एआई एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड को हस्तांतरित कर दी गई है और एलाइंस एअर एविएशन लिमिटेड के बोर्ड को भी 25 जनवरी 2022 से पुनर्गठित किया गया है। परिणामस्वरूप, एआई एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड (एआईएएचएल) एलाइंस एअर एविएशन लिमिटेड की नई मूल कंपनी/होल्डिंग कंपनी बन गई है।

30. इंड एएस 37 के अनुसार प्रकटीकरण –प्रावधान, आकस्मिक देयताएं एवं आकस्मिक परिसम्पत्तियां

क. आकस्मिक देयताओं का प्रकटीकरण

एएएएल के विरूद्ध दावों को, ऋणों के रूप में स्वीकृत नहीं किया गया है (ब्याज और दंड को छोड़कर (जिसके लिए कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया गया, जहां लागू हो) और सुनिश्चियन व परिणाम निर्धारित किए जाने तक प्रतिवादित किए जा रहे हैं।

(रु. मिलियन में)

विवरण	01.04.2021 को आरंभिक शेष	वर्ष के दौरान जोड़े गए	प्रावधान के विरूद्ध प्रभारित राशि	वर्ष के दौरान हटाई गई अप्रयुक्त राशि	छूट दर में परिवर्तन का प्रभाव	31 मार्च 2022 को शेष
कंपनी को प्राप्त आय कर मांग नोटिस जो अपील के अधीन है	37.16	11.59	14.04	17.43	लागू नहीं	17.28
* अन्य आकस्मिक देयताओं पर अन्य दावे	117.26	शून्य	95.18	5.12	लागू नहीं	16.96
सकल योग	**154.42**	**11.59**	**109.22**	**22.55**	**लागू नहीं**	**34.24**

ख. *अन्य आकस्मिक देयताओं के संबंध में स्पष्टीकरण विवरण

विविध दावों **16.96 मिलियन रु.** (पिछले वर्ष में 117.26 मिलियन रु.) सहित

- विभिन्न विदेशी विक्रेताओं से प्राप्त दावे मिलियन रु. कोई नहीं (पिछले वर्ष–95.18 मिलियन रु.) इंजीनियरिंग द्वारा सेवाओं के लिए सहमत शर्तों के गैर–अनुपालन के आधार पर स्वीकार्य नहीं है और इन्हें एएएएल द्वारा विवादित माना गया है।
- चल रहे कानूनी मामलों के संबंध में 16.96 मिलियन रु. (22.08 मिलियन रु.) के अनिश्चित कानूनी दावे।

ग) पूंजीगत और अन्य प्रतिबद्धताएं

पूंजीगत लेखों पर निष्पादित की जाने वाली शेष संविदाओं की अनुमानित राशि का विवरण नीचे दिया गया है:

(राशि रु. मिलियन में)

विवरण	31 मार्च, 2022 तक	31 मार्च, 2021 तक
–	कोई नहीं	कोई नहीं

कम्पनी ने वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान 2 एटीआर–42 600 और 2 डोर्नियर डीओ–228 के प्रचालन के लिए मैसर्स ट्रूनोर्ड जांस्कर लि. और मैसर्स एयरोनॉटिक्स लि. के साथ लीज़ समझौता किया है।

घ) रि–डिलीवरी हेतु प्रावधान

रि–डिलीवरी के प्रावधानों में गतिविधियों का प्रकटन यहां किया गया है:

(राशि रु. मिलियन में)

विवरण	31 मार्च, 2022 समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2021 समाप्त वर्ष के लिए
वर्ष के प्रारंभ में शेष	542.33	507.34
वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान	-	90.92
वर्ष के दौरान प्रावधानों पर ब्याज वृद्धि	5.34	5.07
वर्ष के दौरान प्रयुक्त राशि/समायोजन	-	(41.91)
प्रारंभिक प्रावधान बहाल करने पर विनिमय हानि का प्रभाव	-	-
अंतशेष प्रावधान बहाल करने पर विनिमय लाभ/हानि का प्रभाव	23.98	(19.09)
वर्ष के अंत में शेष	**571.65**	**542.33**
वर्ष के अंत में शेष – गैर–चालू	**571.65**	**542.33**
वर्ष के अंत में शेष – चालू	**-**	**-**

31. इंड एएस 8 के अनुसार प्रकटीकरण ''लेखा नीति, लेखांकन अनुमान और त्रुटियों में परिवर्तन''

वर्ष के दौरान कंपनी ने **शून्य रुपए** (पिछले वर्ष 345.74 मिलियन रु.) की पूर्व अवधि त्रुटि की पहचान की है।

32. वास्तविक सत्यापन व समाधान

क) संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर (पीपीई)

कम्पनी की नीति के अनुसार कार्यालय उपस्कर, फर्नीचर एवं फिक्सचर, इंजन और एयरफ्रेम रोटेबल आदि से युक्त सम्पत्ति, संयंत्र और उपस्कर का वास्तविक सत्यापन और मिलान द्विवार्षिक आधार पर किया जाता है।

परिसम्पत्तियों के कुल मूल्य का लगभग 98% भाग दिल्ली, कोलकाता और हैदराबाद स्टेशनों पर स्थित है।

दिल्ली, कोलकाता और हैदराबाद स्टेशनों पर स्थित सम्पत्ति, संयंत्र और उपस्कर का वास्तविक सत्यापन और मिलान 31.03.2022 तक पूरा कर लिया गया है।

परिसम्पत्ति मुख्य रूप से फर्नीचर, फिक्सचर और ग्राउंड स्पोर्ट उपस्कर से युक्त है जिसका सकल मूल्य 3.29 मिलियन रु. है और 14,952 निवल बही मूल्य सामान्य टूट–फूट के कारण किफायती मरम्मत से परे पाए गए।

सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से दिनांक 31.03.2022 को लेखा बहियों में आवश्यक समाधान एवं लेखांकन कार्रवाई की जा चुकी है।

ख) विमान इनवेंटरी का वास्तविक सत्यापन

विमान इनवेंटरी का वास्तविक सत्यापन द्विवार्षिक आधार पर किया जाता है और सत्यापन के दौरान पाई गई विसंगतियों को उस वर्ष में समायोजित किया जाता है जिसमें रिपोर्ट को अंतिम रुप दिया जाता है।

इनवेंटरी का वर्तमान वास्तविक सत्यापन वित्त वर्ष 2021–22 में किया गया। वर्ष 2021–22 में कोलकाता, दिल्ली और हैदराबाद में आंतरिक लेखा परीक्षा द्वारा विमान इनवेंटरी का वास्तविक सत्यापन किया गया।

वर्ष 2021–22 की अवधि के लिए विमान इनवेंटरी का वास्तविक सत्यापन पूरा हो चुका है और यह पाया गया है कि 52.22 मिलियन रु. की कमी और 5.22 मिलियन रु. की अधिकता है। सक्षम प्राधिकारी से लंबित अनुमोदन 31.13 मिलियन रु. के निवल प्रावधान है। मौजूदा प्रावधान में 15.86 मिलियन रु. की कमी बही खातों में पाई गई है।

ग) पुष्टि/समाधान

1) कंपनी ने प्रमुख प्राप्तियों, भुगतानों के लिए शेष राशि की पुष्टि मांगी है। जहां भी पार्टियों द्वारा पुष्टिकृत शेष राशि बहियों के अनुसार सही नहीं है वहां अंतर के समाधान की प्रक्रिया जारी है।

अपुष्टिकृत शेष का विवरण निम्नानुसार सारणीबद्ध है:

(राशि मिलियन रु. में)

खाता शीर्ष	खातों के अनुसार शेष राशि	शेष अपुष्ट राशि	अपुष्ट राशि का %
व्यापार देय	11,102.97	38.81	0.35%
व्यापार प्राप्य	805.13	29.47	3.66%

2) 31 मार्च 2022 को शेष पुष्टिकरण प्रमाण पत्र सभी विक्रेताओं और ग्राहकों को भेज दिए गए हैं। विक्रेताओं के मामले में कुल राशि के मामले में 99.65% (पिछले वर्ष 91.70%) से पुष्टि प्राप्त हो गई है और ग्राहकों के मामले में सभी पार्टियां सरकारी विभाग/मंत्रालय हैं और 31 मार्च 2022 तक कुल देय राशि का 96.34% (पिछले वर्ष 98.06%) पुष्टि की है।

3) 324.77 मिलियन रु. की राशि आपूर्तिकर्ता सस्पेंस लेज़र के बही खातों पर शेष है। जीआरएन और पीओ से संबंधित आपूर्तिकर्ता रैमको, सस्पेंस लेज़र का समाधान और मिलान प्रक्रिया में है। समाधान के पूरा होने के वर्ष में इन लेज़रों का समायोजन किया जाएगा। प्रबंधन के मत के अनुसार समायोजन का लाभ और हानि खाते के विवरण में कोई वास्तविक प्रभाव नहीं पड़ेगा।

33. आंतरिक नियंत्रण

विनियामक और संवैधानिक अनुपालन सुनिश्चित करने के साथ–साथ निगमित प्रशासन का उच्चतम स्तर प्रदान करने के लिए, कंपनी के पास व्यवसाय के सुचारू और कुशल प्रचालन के लिए पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण प्रणाली और प्रक्रिया है। सुचारू रुप से निर्णय लेने के लिए व्यापक रुप से शक्तियों का प्रत्यायोजन मौजूद है जो कि बदलते व्यवसायिक वातावरण और त्वरित निर्णय लेने के अनुरुप आवधिक समीक्षा करता है। समान रुपी अनुपालन के लिए खातों को तैयार करने के लिए विस्तृत दिशानिर्देशों का लगातार पालन किया जाता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी जाँच और बकाया सही है, सभी आंतरिक नियंत्रण प्रणाली उचित हैं, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की स्वतंत्र फर्म द्वारा आंतरिक लेखा परीक्षा की जा रही है। इसके अलावा आंतरिक लेखा परीक्षक के दायरे की समय–समय पर प्रबंधन द्वारा समीक्षा की जाती है ताकि स्टेशनों, क्षेत्रीय कार्यालयों और उपयोगकर्ता विभागों और एसएपी में लेनदेन की एक समान और समयबद्ध लेखा प्रविष्टियों के लिए प्रभावी आंतरिक नियंत्रण को सुनिश्चित किया जा सके। आंतरिक नियंत्रण प्रणाली के अनुपालन पर कड़ी नजर रखने हेतु कम्पनी के अलावा लेखा परीक्षा समिति है।

वर्ष 2021–22 के दौरान कोई नई गतिविधि और प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। तदनुसार, वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए आईएफसी के तहत प्रस्तुत जोखिम मैट्रिक्स की समीक्षा की गई है और 2021–22 में इसका अनुपालन सुनिश्चित किया गया है।

34. इनवेंटरी

1. इनवेंटरी में मुख्य रूप से विमान पुर्जे और उपभोग्य सामग्रियां और एटीआर विमानों के उपकरण शामिल हैं। एटीआर विमानों में विशेष उपयोग के लिए पुर्जों को एमएमडी विभाग के माध्यम से खरीदा जा रहा है और रैमको नामक इनवेंटरी प्रबंधन प्रणाली की मदद से रिकॉर्ड किया जाता है, जिसका उपयोग एआईईएसएल द्वारा मेंनटेन की जाने वाली संपूर्ण एयर इंडिया समूह की कंपनियों की इनवेंटरी को खरीदने, नियंत्रित करने, जारी करने और प्रबंधित करने के लिए भी किया जाता है। उपभोग्य सामग्रियों सहित इनवेंटरी के लिए, जिसका उपयोग आमतौर पर एटीआर, एयरबस और बोइंग विमान के लिए किया जा सकता है एआईएल द्वारा या एएएएल द्वारा खरीदे जा रहे हैं।

2. रैमको और एसएपी के बीच इंटरफ़ेस को लागू किया गया ताकि रैमको में होने वाले सभी लेनदेन अब इंटरफेस के माध्यम से सीधे एसएपी में हो सकें।

35 एयरपोर्ट ऑपरेटरों के साथ समाधान की स्थिति

1) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के साथ समाधान किया जा चुका है और 31.3.2022 तक समाधान किया गया है।

2) बीआईएएल, डीआईएएल, एचआईएएल और एमआईएएल के साथ खातों का समाधान 31.03.2022 तक कर लिया गया है।

36. इंड–एएस 108 के अनुसार प्रकटीकरण ''ऑपरेटिंग सेगमेंट''

क. इंड एएस–108 के अनुसार, कंपनी एयरलाइन से संबंधित व्यवसाय में है, जो इसका प्राथमिक व्यवसाय सेगमेंट है और इसलिए सेगमेंट के परिणाम अलग से प्रकट नहीं किए गए हैं। भौगोलिक क्षेत्रवार अर्जित सकल यात्री राजस्व का विवरण (जिस क्षेत्र से यात्री ने यात्रा प्रारंभ की है, उस क्षेत्र में राजस्व आबंटित करके व्युत्पन्न) निम्नानुसार हैं:

(राशि मिलियन रु. में)

विवरण	वित्तीय वर्ष 2021–22	वित्तीय वर्ष 2020–21
भारत	7,175.29	4,535.39
भारत से बाहर	0.00	0.00
कुल	**7,175.29**	**4,535.39**

कंपनी की प्रमुख राजस्व आय परिसंपत्ति, विमान बेड़ा है, जो कम्पनी के रूट नेटवर्क में लचीले और अनुकूलतम रूप से तैनात है। भौगोलिक सेगमेंट में परिसंपत्तियों और देयताओं के आबंटन के लिए कोई उपयुक्त आधार नहीं है, इसके परिणामस्वरूप, क्षेत्रवार संपत्तियों और देनदारियों का खुलासा नहीं किया गया है।

37. इंड–एएस 24 के अनुसार प्रकटीकरण ''संबंधित पार्टी प्रकटीकरण''

भारतीय लेखा मानक (इंड एएस–24) के अनुसार वर्ष 2021–22 के दौरान आवश्यक संबंधित पार्टियों के नाम और पदनामों का विवरण नीचे दिया गया है।

1. प्रमुख प्रबंधकीय कर्मी और संबंधी

प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों के साथ लेन–देन

i) प्रमुख प्रबंधकीय व्यक्तियों को पारिश्रमिक के अलावा प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों के साथ कोई लेन–देन नहीं है।

ii) प्रमुख प्रबंधकीय कर्मी और संबंधी

क. निदेशक मंडल, एलाइंस एअर एविएशन लिमिटेड (एएएएल) (पूर्व में एयरलाइन एलाइड सर्विसेस लिमिटेड) (वित्तीय वर्ष 2021–22 की अवधि से आज तक)

क्र.सं.	नाम	पदनाम	नियुक्ति की तारीख	समापन की तिथि
1	श्री राजीव बंसल अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एयर इंडिया लि.	अध्यक्ष	14/02/2020	21/01/2022
2	श्री विक्रम देव दत्त अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एयर इंडिया लि.	अध्यक्ष	24/01/2022	25/01/2022
3	श्री विनोद एस. हेजमाड़ी निदेशक (वित्त) एयर इंडिया लि.	निदेशक	20/11/2015	25/01/2022
4	श्रीमती मीनाक्षी मलिक निदेशक (वाणिज्य) एयर इंडिया लि.	निदेशक	14/07/2020	25/01/2022
5	श्री प्रांजोल चन्द्रा निदेशक, नागर विमानन मंत्रालय	निदेशक	31/08/2018	25/01/2022
6	श्री सत्येन्द्र कुमार मिश्रा प्रबंध निदेशक, एआई एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड (एआईएएचएल)	निदेशक	25/01/2022	27/01/2022
7	श्री विक्रम देव दत्त अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एआई एसेट्स होल्डिंग लिमिटेड (एआईएएचएल)	अध्यक्ष	27/01/2022	आज तक
8	श्रीमती उषा पाढी संयुक्त सचिव, डीटी डिवीज़न, नागर विमानन मंत्रालय	निदेशक	25/01/2022	आज तक

क्र.सं.	नाम	पदनाम	नियुक्ति की तारीख	समापन की तिथि
9	श्री प्रांजोल चंद्रा निदेशक, नागर विमानन मंत्रालय	निदेशक	11/02/2022	आज तक
10	श्री दीपक सजवान उप सचिव, नागर विमानन मंत्रालय	निदेशक	27/01/2021	आज तक

ख. प्रमुख प्रबंधकीय कर्मी और संबंधी

क्र.सं.	प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों के नाम	पदनाम	नियुक्ति की तारीख	समापन की तिथि
1.	श्रीमती हरप्रीत ए.डी. सिंह	मुख्य कार्यपालक अधिकारी	03/11/2020	31/07/2021
2.	श्री विनीत सूद	मुख्य कार्यपालक अधिकारी	31/07/2021	आज तक
3.	श्री अम्बर कुमार मंडल	मुख्य वित्तीय अधिकारी	26/07/2019	आज तक
4.	श्रीमती मंजिरी एम. वझे	कम्पनी सचिव	21/03/2017	14/01/2022
5.	श्रीमती शिल्पा भाटिया	कम्पनी सचिव	14/01/2022	आज तक

ग. संबंधित पार्टियां:

i. इंड एएस 24 के संदर्भ में, निम्नलिखित संबंधित पार्टियां हैं जो पार्टियां (सरकार) हैं यानी महत्वपूर्ण रूप से नियंत्रित और प्रभावित संस्थाएं (भारत सरकार):

नाम	संबंधों की प्रकृति	नियंत्रण प्रभाव
एयर इंडिया लिमिटेड	होल्डिंग कम्पनी 25.01.2022 तक	कंपनी पर नियंत्रण रखने वाली इकाई
एआई इंजीनियरिंग सर्विसेस लिमिटेड (पूर्व में एयर इंडिया इंजीनियरिंग सर्विसेस लिमिटेड)	सहयोगी संस्था (एयर इंडिया की सहायक कंपनी) तत्पश्चात् 12.01.2022 से एआईएएचएल की सहायक कम्पनी	इकाई का कम्पनी पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव/नियंत्रण नहीं है।
एआई एयरपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड (पूर्व में एयर इंडिया एयर ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड)	सहयोगी संस्था (एयर इंडिया की सहायक कंपनी) तत्पश्चात् 13.01.2022 से एआईएएचएल की सहायक कम्पनी	इकाई का कम्पनी पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव/नियंत्रण नहीं है।
भारतीय होटल निगम	सहयोगी संस्था (एयर इंडिया की सहायक कंपनी) तत्पश्चात् 11.01.2022 से एआईएएचएल की सहायक कम्पनी	इकाई का कम्पनी पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव/नियंत्रण नहीं है।
एयर इंडिया एक्सप्रैस लिमिटेड	सहयोगी संस्था एयर इंडिया के विनिवेश तक	इकाई का कम्पनी पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव/नियंत्रण नहीं है।

ii) पार्टी (सरकार के अलावा)

एयर इंडिया सैट्स	एयर इंडिया का संयुक्त उद्यम	इकाई का कम्पनी पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव/नियंत्रण नहीं है।

घ. संबंधित पार्टी लेनदेन

i. वर्ष 2021–22 के दौरान, मुख्य कार्यपालक अधिकारी को 3.81 मिलियन रुपये (पिछले वर्षः 2.02 मिलियन रुपये) एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी को 1.71 मिलियन रुपये (पिछले वर्षः 1.29 मिलियन रुपये) और कम्पनी सचिव को 0.37 मिलियन रु. पारिश्रमिक और अनुलब्धियों को छोड़कर प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक के साथ कोई लेनदेन नहीं है।

ii. एयरलाइन व्यवसाय के सामान्य क्रियाकलापों में एयरलाइन से संबंधित सेवाएं प्रदान करने जैसे लेनदेन उपरोक्त में शामिल नहीं हैं।

iii. वर्ष के अंत में कंपनी के निदेशकों या अधिकारियों या उनके रिश्तेदारों के साथ कोई ऋण या क्रेडिट लेनदेन बकाया नहीं था।

iv. कार्गो कमीशन की राशि शून्य मिलियन रु., (पिछले वर्षः शून्य) यात्री कमीशन की राशि 44.73 मिलियन रु., (पिछले वर्षः 40.65 मिलियन रुपये) पीजीपी को एमएसएफ कमीशन 18.96 मिलियन रु., (पिछले वर्षः 18.06 मिलियन रुपये) क्रेडिट कार्ड पर बैंक शुल्क 58.46 मिलियन रु. (पिछले वर्षः 16.83 मिलियन रुपये) के आधार पर एआईएल द्वारा आबंटित राशि के आधार पर एक आउटसोर्स एजेंसी द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट।

v. अतिरिक्त सामान विक्रय, नो शो प्रभार, रद्दकरण के संबंध में एएएएल ने एआई और एएएएल के सक्षम प्राधिकारी की विशिष्ट स्वीकृति के आधार पर 322.84 मिलियन रु. (पिछले वर्षः 213.50 मिलियन रुपये) के राजस्व की गणना की है।

vi. इंड एएस 24 के संबंध में, कुछ सरकारी संबंधित संस्थाओं यानी महत्वपूर्ण रूप से नियंत्रित और प्रभावित संस्थाएं (भारत सरकार) और गैर सरकारी संबंधित पार्टियों के साथ लेनदेन से संबंधित प्रकटीकरण आवश्यकताएं निम्नलिखित हैं।

ड. लेनदेन विवरण – संबंधित पार्टी

1. एयर इंडिया लिमिटेड और अन्य सहयोगी संस्था (एयर इंडिया लिमिटेड की अन्य सहायक कंपनी)

ब्यौराः

संस्थाओं का नाम और लेनदेन की प्रकृति	1 अप्रैल, 2021 से 20 जनवरी, 2022 तक (राशि मिलियन रु. में)	2020–21 (राशि मिलियन रु. में)
क) एयर इंडिया लि.		
(20.01.2022 तक होल्डिंग कम्पनी होने के कारण)		
व्यय/एयर इंडिया लि. द्वारा सेवा प्राप्त हुई		
हैंडलिंग	25.05	33.16
एसओडी	4.61	6.21
कर्मचारी प्रशिक्षण व्यय	112.78	71.80
निगमित गारंटी प्रभार	16.81	22.00
एआईएल द्वारा प्रभारित ब्याज	1,433.15	1,614.00
बीमा	9.57	11.13
अन्य व्यय	6.03	0.87

संस्थाओं का नाम और लेनदेन की प्रकृति	1 अप्रैल, 2021 से 20 जनवरी, 2022 तक (राशि मिलियन रु. में)	2020–21 (राशि मिलियन रु. में)
अमूर्त परिसम्पत्तियों की खरीद	2.15	-
एएएएल द्वारा एसओडी बिलिंग	(1.67)	(1.79)
एयर इंडिया लि. के निम्नलिखित विनिवेश के कारण एयर इंडिया लि. का अंतशेष एआईएएचएल को स्थानांतरण (क्रेडिट)*	**23,345.28**	**20,657.32**
एएएएल की ओर से एआईएल द्वारा (20 जनवरी, 2022 से) दी गई निगमित गारंटी	4,556.67	4,400.64

संस्थाओं का नाम और लेनदेन की प्रकृति (एयर इंडिया लि. के विनिवेश तक)	2021–22 (जनवरी, 2022 तक) (राशि मिलियन रु. में)	2020–21 (राशि मिलियन रु. में)
ख) एयर इंडिया सैट्स एयरपोर्ट सर्विसेस प्रा. लि.		
व्यय हैंडलिंग प्रभार	118.67	124.63
अंतशेष (क्रेडिट)*	**501.85**	**435.22**

संस्थाओं का नाम और लेनदेन की प्रकृति (एयर इंडिया लि. के विनिवेश तक)	2021–22 (जनवरी, 2022 तक) (राशि मिलियन रु. में)	2020–21 (राशि मिलियन रु. में)
ग) एयर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड		
इनवेंटरी का स्थानांतरण	0.003	0.13
एएएएल द्वारा एसओडी बिलिंग	(0.85)	(1.27)
अंतशेष (क्रेडिट)	**(0.54)**	**(1.79)**

2. 21.01.2022 से मूल कम्पनी एआई एसेट्स होल्डिंग लि. (एआईएएचएल) एवं अन्य सहयोगी संस्था

संस्थाओं का नाम और लेनदेन की प्रकृति क) 21.01.2022 से एआई एसेट्स होल्डिंग लि. (एआईएएचएल)	21.01.2022 से 31.03.2022 तक (राशि मिलियन रु. में)	2020–21 (राशि मिलियन रु. में)
व्यय ब्याज	404.05	-
अंतशेष (क्रेडिट)	**24,320.69**	-
एएएएल की ओर से एआईएएचएल द्वारा (21 जनवरी, 2022 से) दी गई निगमित गारंटी	2,012.29	-

संस्थाओं का नाम और लेनदेन की प्रकृति ख) होटल कारपोरेशन ऑफ इंडिया लि.	2021–2022 (राशि मिलियन रु. में)	2020–21 (राशि मिलियन रु. में)
व्यय होटल आवास	0.43	1.09
अंतशेष (क्रेडिट)	**0.52**	**0.30**

संस्थाओं का नाम और लेनदेन की प्रकृति ग) एआई इंजीनियरिंग सर्विसेस लि. (एआईईएसएल) पूर्व में एयर इंडिया इंजीनियरिंग सर्विसेस लि.	2021–2022 (राशि मिलियन रु. में)	2020–21 (राशि मिलियन रु. में)
व्यय		
मरमत्त अन्य	499.22	453.44
मानव शक्ति	50.81	-
एएएएल द्वारा एसओडी बिलिंग	-	(1.53)
ब्याज	134.59	117.10
अंतशेष (क्रेडिट)	**1,710.52**	**1,414.87**

संस्थाओं का नाम और लेनदेन की प्रकृति घ) एआई एयरपोर्ट सर्विसेस लि. (एआईएएसएल) पूर्व में एयर इंडिया एअर ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लि.	2021–2022 (राशि मिलियन रु. में)	2020–21 (राशि मिलियन रु. में)
व्यय हैंडलिंग प्रभार	191.29	124.00
क्रेडिट प्राप्त हुआ एएएएल द्वारा एसओडी बिलिंग	(0.95)	(0.86)
ब्याज	70.18	75.32
अंतशेष (क्रेडिट) *	**911.11**	**718.52**

*** वर्ष के दौरान बनाए गए प्रावधान सहित अंतशेष**

(3) भविष्य निधि ट्रस्ट के साथ लेन–देन

(राशि मिलियन रु. में)

विवरण	2021–22		2020–21	
	वर्ष के दौरान पीएफ योगदान	31.3.2022 को देय	वर्ष के दौरान पीएफ योगदान	31.3.2021 को बकाया
एएएसएल पीएफ ट्रस्ट	17.18	3.60	14.88	6.10

(4) संबंधित सरकारी संस्थाओं से प्रमुख लेनदेन

संबंधित सरकारी संस्थाओं के साथ कंपनी के राजस्व और व्यय के प्रमुख लेनदेन का विवरण निम्नानुसार दिया गया है:

(राशि मिलियन रु. में)

क्र. सं.	इकाई का नाम	2021–22	2020–21
	व्यय		
i)	भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (स्थान सहित)	190.29	125.37
ii)	तेल कंपनियाँ		
	इंडियन ऑयल कंपनी लिमिटेड	1,082.39	610.39
	हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड	414.81	166.69
	भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड	324.44	183.10
	राजस्व		
i)	**सरकार से प्रचालन हेतु सब्सिडी**		
	भारत सरकार	2,842.10	1,971.11
ii)	**चार्टर राजस्व – अन्य**		
	भारत सरकार	20.72	17.18

नोट: सरकार/सरकारी संबंधित संस्थाओं के साथ उपरोक्त लेन–देन में वे लेन–देन शामिल हैं जो व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से महत्वपूर्ण हैं। कंपनी ने, अन्य सरकार संबंधित संस्थाओं के साथ भी अन्य लेनदेन किया है। तथापि, ये लेनदेन व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से महत्वहीन हैं और इसलिए इसका उल्लेख नहीं किया गया है।

38. कर्मचारी लाभ

कंपनी भारत के चार्टर्ड एकाउंटेंट्स इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा जारी इंड एएस 19 के अनुसार, स्वतंत्र एक्चूरीज़ द्वारा किए गए मूल्यांकन के आधार पर तुलन पत्र तिथि के अनुसार ग्रेच्यूटी और छुट्टी नकदीकरण के रूप में सेवानिवृत्ति लाभ प्रदान करती है।

क. सेवानिवृत्ति के समय अधिकतम 300 दिनों की प्राधिकार छुट्टी का नकदीकरण सभी योग्य कर्मचारियों को देय है। मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए नगदीकरण देयता 1.35 मिलियन रु. (पिछले वर्ष 8.89 मिलियन रुपये) है।

ख. परिभाषित लाभ योजना–

1) भविष्य निधि (फंडेड)

कंपनी पूर्वनिर्धारित दरों पर एक अलग ट्रस्ट को भविष्य निधि में निश्चित योगदान का भुगतान करती है, जो अनुमत प्रतिभूतियों में धन का निवेश करती है। कंपनी का दायित्व है कि वह सदस्यों को भारत सरकार द्वारा निर्दिष्ट न्यूनतम दर का भुगतान सुनिश्चित करे।

कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी के पास योजना से रिफंड के रूप में या बीमांकिक मूल्यांकन के माध्यम से निर्धारित 0.23 मिलियन रुपये के शुद्ध अधिशेष के लिए योजना में भविष्य में कम योगदान के रूप में लाभों का कोई अधिकार नहीं है। तदनुसार, कंपनी ने अधिशेष को एक परिसंपत्ति के रूप में और 'अन्य व्यापक आय' में बीमांकिक लाभ के रूप में मान्यता नहीं दी है, क्योंकि यह भविष्य निधि ट्रस्ट से संबंधित है न कि कंपनी से।

इस संबंध में प्राप्त बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर, तुलन पत्र की तारीख पर निम्न तालिका भविष्य निधि योजना की स्थिति निर्धारित करती है

	परिसंपत्तियां / देयताएं	**31 / 03 / 2022**
क	वर्तमान मूल्य में परिवर्तन	42,04,71,990
ख	योजना परिसंपत्तियों का उचित मूल्य	42,06,98,749
ग	निवल परिसंपत्तियां / (देयताएं) तुलन पत्र में मान्य प्रावधान	2,26,759

दायित्व के वर्तमान लाभ में परिवर्तन

		31 / 03 / 2022
क	अवधि के आरंभ में दायित्व के वर्तमान मूल्य में परिवर्तन	37,51,95,284
ख	ब्याज लागत	3,09,45,799
ग	चालू सेवा लागत	1,71,82,965
घ	योजना प्रतिभागियों / कर्मचारियों द्वारा योगदान	2,20,41,466
ड.	लाभ भुगतान	(2,39,61,574)
च	दायित्व पर कुल एक्चूरियल (लाभ) / हानि में परिवर्तन	(9,31,950)
छ	निपटान / स्थानान्तरण में	--
ज	**अवधि के अंत में दायित्व के वर्तमान मूल्य में परिवर्तन**	42,04,71,990

योजना परिसंपत्तियों में परिवर्तन

		31 / 03 / 2022
क	अवधि के आरंभ में योजना परिसम्पत्तियों का उचित मूल्य	37,65,26,190
ख	योजना परिसम्पत्तियों पर वास्तविक रिटर्न	2,89,09,702
ग	नियोक्ता का अंशदान	1,71,82,965

घ	योजना प्रतिभागियों / कर्मचारियों का अंशदान	2,20,41,466
ड.	लाभ भुगतान	(2,39,61,574)
च	निपटान / स्थानान्तरण में	--
छ	**अवधि के अंत में दायित्व के वर्तमान मूल्य में परिवर्तन**	42,06,98,749

2) ग्रेच्यूटी (अनफंडेड)

कंपनी के पास एक परिभाषित लाभ ग्रेच्युटी योजना है जो अनफंडेड है और इसे अन्य दीर्घावधि कर्मचारी लाभ के रूप में माना जाता है। दायित्व का वर्तमान मूल्य अनुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति का उपयोग करके बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर निर्धारित किया जाता है, जो सेवा की प्रत्येक अवधि को कर्मचारी लाभ पात्रता की अतिरिक्त इकाई के रूप में पहचानता है और अंतिम दायित्व के निर्माण के लिए प्रत्येक इकाई को अलग से मापता है। ग्रेच्यूटी का भुगतान कंपनी द्वारा देय होने पर और कम्पनी योजना के अनुसार किया जाता है। वर्ष के दौरान कोई योजना संशोधन, कटौती या समझौते नहीं थे।

निवल परिभाषित लाभ (परिसंपत्ति) / देयता में परिवर्तन

क) परिभाषित लाभ दायित्व के शेष का समाधान

2.1 (क) दायित्व के वर्तमान मूल्य में परिवर्तन को सारणी में दर्शाया गया है।

अवधि	**01–04–2021 से 31–03–2022**	**01–04–2020 से 31–03–2021**
